K25U 2408

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

**V Semester B.A. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Regular/Supplementary/ Improvement) Examination, November 2025**
**(2019 to 2023 Admissions)**
**CORE COURSE IN HINDI**
**5B10 HIN : हिंदी कथा साहित्य – Hindi Katha Sahithya**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) आधुनिक जीवन की जटिलताओं और मानवीय संबंधों में खोखलेपन को दर्शानेवाली रचना है 'बयान' – समर्थन कीजिए ।

2) 'कफ़न' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) 'ग्लोबल गाँव के देवता' में अभिव्यक्त आदिवासी विमर्श पर लिखिए ।

4) 'ग्लोबल गाँव के देवता' में अभिव्यक्त पर्यावरण की समस्या पर लिखिए ।

III. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

5) घीसू और माधव का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

6) 'प्रार्थना के बाहर' कहानी में अभिव्यक्त समस्याएँ ।

7) 'अंधेरा' कहानी में अभिव्यक्त सांप्रदायिकता ।

8) 'ग्लोबल गाँव के देवता' में अभिव्यक्त नारी शोषण पर लिखिए ।

IV. किन्हीं **तीन** प्रश्नों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

9) यूँ तो प्राय: लोग घर छोड़कर कहीं न कहीं जाते हैं, परदेश जाते हैं, किंतु घर लौटते समय रूप सिंह को एक अजीब किस्म की लाज, अपनत्व और झिझक क्यों घेरने लगी ?

10) ''बुधिया के मरने पर दोनों ''जोर-जोर से हाय-हाय करने और छाती पीटने लगे ।'' यह रोना न होकर रोने का नाटक हैं.... नाटकीय व्यापार है ।''

P.T.O.



11) ''देख प्रार्थना, जो हुआ सो हुआ, मैं भी एक लड़की हूँ । आई नो योर फीलिंग यार । मगर मकान मालकिन को पता चल गया तो वह मुझे निकाल देगी । बड़ी मुश्किल से यह कमरा मिला है । अकेली लड़कियों को कौन देता है मकान, वो भी लक्ष्मी नगर जैसे दकियानूसी मोहल्ले में । मेरा क्या होगा ? मेरा कोई गॉड फादर भी नहीं । एकाध संगी साथी हैं, उसका ही सहारा है । अभी तो मैं संघर्ष कर रही हूँ, क्या करूँ ?''

12) ''अपनी दकियानूसी मूर्खताओं के चलते मैंने रेहाना को कितनी तकलीफ दी है ।''

V. कम से कम **दो** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) प्रेमचंद के किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखिए ।

14) आरोहण कहानी का संदेश क्या है ?

15) 'बयान' किसकी रचना है ?

16) भूपसिंह के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए ।

17) 'ग्लोबल गाँव के देवता' साहित्य की किस विधा में आनेवाली रचना है ?

18) 'कफ़न' कहानी के दो पात्रों के नाम लिखिए ।

19) 'प्रार्थना के बाहर' कहानी में चित्रित सांस्कृतिक संघर्ष क्या है ?

20) 'अंधेरा' कहानी का प्रतिपाद्य विषय क्या है ?

21) हिन्दी के दो समकालीन उपन्यासकारों के नाम लिखिए ।

22) 'कफ़न' कहानी की मुख्य समस्या क्या है ?

______________